200 प्रमाण-पत्र बने

कपकोट। केदारेश्वर मैदान में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में उपजिलाधिकारी चंद्र सिंह इमलाल के निर्देशन में 200 से अधिक लोगों के आय, जाति के प्रमाण पत्र बने। तहसीलदार अनिल चिन्याल ने यह जानकारी दी। प्रभारी खंड विकास अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि शिविर में एक हजार से भी अधिक लोगों ने परिवार रजिस्टर की नकल ली। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी प्रमोद पांडे तथा बसंत जोशी आदि मौजूद थे।

उधर, जिला जज जयदेव सिंह ने ग्रामीण उत्थान समिति कपकोट से प्राप्त 60 रजाइयां, 60 चादर तथा इतने ही तकिए पात्र लोगों में बांटे। उत्तर भारत हाइड्रोपावर कंपनी से प्राप्त 150 कंबल जरूरतमंद लोगों में बांटे।

बच्चों ने निकाली भव्य कलश यात्रा

कपकोट। केदारेश्वर मैदान में आयोजित बहुउद्देशीय में आज शिशु मंदिर भराड़ी के बच्चों ने जिला जज जयदेव सिंह तथा अन्य अतिथियों के स्वागत में भव्य कलशयात्रा निकाली।

इसी विद्यालय के बच्चों ने बैंड वादन के जरिए पद संचालन किया। राइंका कपकोट के एनसीसी कैडेटों ने भव्य परेड निकाली तथा विवेकानंद इंटर कालेज हिचौड़ी तथा मां उमा हाईस्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेशकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

450 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

कपकोट। बहुउद्देशीय शिविर में आज स्वास्थ्य विभाग तथा ग्रामीण उत्थान समिति कपकोट के सौजन्य से लगे शिविर में 450 से भी अधिक लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाईयां बांटी। विधायक शेर सिंह गड़िया ने शिविर का निरीक्षण किया और कहा इस तरह के शिविर अनेक लोगों के लिए लाभप्रद साबित हो रहे हैं।

बागेश्वर के केदारेश्वर मैदान हिचौड़ी कपकोट में मंचासीन जिला जज, सभा सचिव, विधायक, जिपं अध्यक्ष, डीएम तथा अन्य।

कानून की जानकारी जरूरी : जिला जज

● अमर उजाला ब्यूरो

कपकोट (बागेश्वर)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जिलाध्यक्ष तथा जिला जज जयदेव सिंह ने कहा कि आदर्श समाज के निर्माण में कानून की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जो लोग कानूनी रूप से जागरूक होते वह कभी भी किसी भी उत्पीड़न का शिकार नही हो सकते हैं। वह केदारेश्वर मैदान हिचौड़ी कपकोट में आयोजित बहुउद्देश्यीय शिविर की अध्यक्षता कर रहे थे।

जिला जज ने लोगों से कहा कि बहुउद्देश्यीय शिविर जहां कहीं भी लगे उसमें अपनी बात निःसंकोच रखने को कहा। जिलाधिकारी डीएस गर्ब्याल ने कहा कि इस तरह के शिविरों से जहां लोगों को विधिक जानकारी मिल रही है। सभा सचिव चंदन राम दास तथा कपकोट के विधायक शेर सिंह गड़िया ने कहा कि सरकार की नीति है कि लोगों को शिकायतें तथा समस्याओं का समाधान मौके पर ही निस्तारण हो। सिविल जज जूनियर डिवीजन मिथिलेश झा तथा सिविल जज नीतीश शर्मा ने लोगों में कानून की विभिन्न धाराओं के बारे में विस्तार से बताया।

संचालन एडवोकेट बसंत पाठक तथा एडवोकेट गोविंद बल्लभ उपाध्याय ने किया। जिला पंचायत अध्यक्ष राम सिंह कोरंगा, उपाध्यक्ष विक्रम शाही, ब्लाक प्रमुख पुष्पलता मेहता, एसडीएम चंद्र सिंह इमलाल, तहसीलदार अनिल चिन्याल, एसपी डीएस कुंवर, ग्रामीण उत्थान समिति के सचिव उमेश जोशी, एडवोकेट गोविंद भंडारी, एड सुरेश कांडपाल, एड. विनोद चामू देवली, ज्येष्ठ ब्लाक उप प्रमुख दयाल ऐठानी, कनिष्ठ भगवत गड़िया, जन शिक्षण संस्थान के जितेंद्र तिवारी, जिला पंचायत सदस्य कुंती परिहार मौजूद थे।

समाज कल्याण विभाग ने बांटे 19 लाख के चेक

कपकोट। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में यहां आयोजित बहुउद्देश्यीय शिविर में समाज कल्याण विभाग ने विधवा, विकलांग, वृद्धावस्था, कन्याधन तथा स्वास्थ्य लाभ के लाभार्थियों में 19 लाख रुपये के चेक बांटे। जिला समाज कल्याण अधिकारी एनएस गस्याल ने यह जानकारी दी। शिविर में 300 से भी अधिक लाभार्थियों के पेंशन आवेदन-पत्र भरे गए। एनआईजीएस देहरादून के तत्वावधान में 12 विकलांगों को बैसाखी, 24 को कान की मशीनें, 12 को व्हील चेयर तथा 193 लोगों को छड़ियां भेंट किए गए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से 49 लोगों के विकलांग प्रमाण पत्र बनाए गए। इस मौके पर विभिन्न विभागों ने विकास प्रदर्शनी लगाई थी।